RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 85 | MONDAY 06-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



अब तक तो थोपी नहीं, हुए उनासी साल।
लेकिन इनका आज भी, वही पुराना हाल।
वही पुराना हाल, वही है मारा-मारी।
ले हिंदी का नाम, सियासत अब भी जारी।
कह साहिल कविराय, कौन कहता है सीखो।
अपनी भाषा पढ़ो, बेवजह यूं मत चीखो।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# पब्लिशर से कमिशन ही तय करती है क्या होगा बच्चों का सिलेबस

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/05 अप्रैल। हर मां-बाप अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है और उसकी यह कोशिश होती है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाई जाए ताकि आगे चलकर उसका भविष्य उज्जवल हो सके पुरातन काल से शिक्षा के महत्व बना रहा है गुरुकुल से लेकर गुरुजनों से शिक्षा लेने तक इसका अपना महत्व रहा है उसके साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारों से भी परिपूर्ण किया जाता था परंतु बदलते परिवेश में धीरे-धीरे शिक्षा के मंदिर बिजनेस सेंटर बनते चले गए इसका एक कारण समय रहते विभिन्न सरकारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया सरकारी स्कूलों की हालत ऐसी थी कि लोग इसमें अपने बच्चों का बेहतर भविष्य नहीं देखते थे जिसके कारण में निजी स्कूलों की ओर आकर्षित होने लगे फायदे का धंधा देख निजी स्कूल मशरूम की तरह फैलने लगे आज यह आलम है कि बच्चे क्या पड़ेंगे यह किस पब्लिशर से कितनी अधिक कमीशन स्कूल प्रबंधक हासिल करने में कामयाब हुए हैं यह तय करता है क्योंकि किताबें इस पब्लिशर की लगेगी जिस स्कूल ज्यादा एडवांटेज ले रहा है । किताबों से जुड़े एक पब्लिशर में उदाहरण देते हुए बताया कि अगर मान लो 10 लाख की किताबें उन्होंने स्कूलों में लगवाई हैं तो उसमें से 30 से 45 परसेंट तक स्कूल सीधे ही अपना प्रॉफिट मांग लेता है और कहीं-कहीं तो यह 50% तक भी पहुंच जाता है।

## शिक्षा के मंदिर नहीं बिजनेस सेंटर बन गए निजी स्कूल




## फीस के नाम पर अभिभावकों की जेब में करते हैं कई छेद...

निजि स्कूल जिनमे पब्लिक स्कूल भी शामिल है अपने बिजनेस सेंटर को चलाने के लिए पब्लिशरों के बाद अभिभावकों की जब में भी कई छेद करते हैं फीस के नाम पर ट्यूशन फीस के अलावा कंप्यूटर फीस, एक्टिविटी फीस, स्पोर्टस फीस तथा री एडमिशन फीस शामिल है कई शिक्षाविदों तथा कानूनी माहिरो का मानना है कि स्कूल ने जब ट्यूशन फीस ले ली तो बाकी सारी सुविधाएं स्कूल द्वारा ही प्रदान की जानी चाहिए इसमें कंप्यूटर फीस किस बात की, एक्टिविटी और खेलों के लिए अलग से फीस जबकि स्टूडेंटस को खेलों का सामान स्कूल द्वारा नहीं लेकर दिया जाता इसके अलावा इस गोरख धंधे में री एडमिशन की फीस भी जुड़ गई यानी कि अगर आपका बच्चा एक क्लास पास करके अगली क्लास में चल जाता है तो स्कूल द्वारा उसकी री एडमिशन के नाम पर अलग से फीस मांगते हैं और मजे की बात यह है कि गैर कानूनी होने के बावजूद वह इसे अपना हक समझते हैं यह सारे कामकाज की देखभाल स्कूलों की मैनेजिंग कमेटी आदि देखते हैं सीबीएसई तथा आईसीएससी जैसे बोर्ड तो बस मूकदर्शक बने रहते हैं।

## यूनिफॉर्म की बिक्री करते हैं स्कूल

पिछले कई वर्षों में स्कूलों द्वारा किताबें बेचने पर होला किया जाता था परंतु स्कूलों ने इसका हल ढूंढ लिया है क्या वह किताबें स्वयं नहीं भेजते बल्कि सीधे ही पब्लिशर से अपना हिस्सा ले लेते हैं और पब्लिशर को कहते हैं कि वह अपनी किताबें बाजार में अपने निर्धारित दुकानदारों को दे दे लोगों को यह छूट दे दी कि वह कहीं से भी किताब ले परंतु किताब वही लेनी है जिसे उन्होंने सिलेबस में रखा होगा हां यूनिफॉर्म वह बताएंगे कि कौन सी दुकान से ले ऐसे में बाजार में जो किताबें बचती हैं वह भी पब्लिशर को को वापस लेनी पड़ती है।

**बच्चों और अभिभावकों के इंटरव्यू से बढ़ाते हैं दबाव...**मान लो कोई अपने बच्चों को नर्सरी में एडमिशन दिलवाने ले गया या कोई केजी मे एडमिशन दिलाना चाहता है तो पहले उसके लिए एक टेस्ट रखा जाता है और इनमें कई छोटे बच्चे नई जगह पर शरमाते हुए कुछ अधिक नहीं बोल पाते और कुछ एक जवाब दे देते हैं अब डोनेशन दोनों से ली जाती है जिसका बच्चा अधिक नहीं बोला उसकी तो डोनेशन की अधिक राशि तय है जबकि इसके बच्चे ने इंटरव्यू टेस्ट पास कर लिया है डोनेशन उससे भी ली जाएगी यानी की चित भी स्कूल की और पट भी ऐसे में बिजनेस सेंट्रो से यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि यह आपके बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा दे पाएंगे जबकि इनका खुद का लक्ष्य तो अधिक से अधिक पैसे इकट्ठे करना है शिक्षाविदों का कहना है की सभी मापदंड सरकार ने तय करने होते हैं जबकि सरकार तो खुद ही हाथ झाड़ कर बैठी है सरकारी स्कूलों में शिक्षा बेहद सस्ती है परंतु उसका स्टैंडर्ड अभी निजी स्कूलों जैसा नहीं हुआ हां अभी थोड़े बहुत कुछ ऐसे स्कूल बनाएं है जो अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं परंतु इसमें इतना गैप दिखाई दे रहा है जो आसानी से भरने वाला नहीं लगता इसके लिए व्यापक नीतियों की जरूरत है सरकार कभी कबार निजी स्कूलों को ढंग से चलने के लिए निर्देश जारी करती है।






# फार्च्यून पनोरा प्रॉपर्टी फेस्ट को लेकर पंजाब रियल एस्टेट में भारी उत्साह

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। शहर में जल्द ही पनोरा प्रॉपर्टी फेस्ट होने जा रहा है। जिसे लेकर पंजाब रियल एस्टेट सेक्टर में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरे पंजाब में पहली बार आयोजित हो रहा यह फेस्ट रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ा बुस्ट देकर जाएगा। जिसमें लुधियाना के अलावा चंडीगढ़, गोवा, दुबई की कंपनियां स्टॉल लगाएंगी। जिनकी और से अपने स्टॉलों पर प्रोजेक्ट में निवेश के लिए निवेशकों को खास कीमतों पर स्पेशल ऑफर देगें। इसमें 50 से ज्यादा डेवलपर्स और 500 से ज्यादा चैनल पार्टनर्स की मदद से एक माइलस्टोन बनेगा। यह फेस्ट शो लगने से पहले पूरे देश के रियल एस्टेट सेक्टर में चर्चा बन चुका




है। जिसमें मेजर ब्रांड्स में ट्राईडेंट हिल्स, यूजन गोवा, एआईपीएल, जे.एल.ओ, हैम्पटन होम्स, वेस्टर्न लिविंग, एमडीबी ग्रुप, ओम्बेरा, एजीआई ग्रुप, सीएम इनफिनिया, टीआरबी, ईस्टमैन, अयाली ग्रुप, सॉलिटियर होम्स सहित कई और नामी ग्रुप की तरफ से स्टॉल बुक करवाए गए हैं। यह फेस्ट होटल निरवाना में 10 व 11 अप्रैल को होगा, जो कि सुबह 10 बजे से रात के 8 बजे तक चलेगा। यहां विजिटर्स को एक ही छत के नीचे भारी मात्रा में वैरॉयटी व ऑफर मिलेगें, जो अपने भविष्य के लिए अच्छा फैसला ले सकेगें। दरअसल, रियल एस्टेट सेक्टर को अकेले प्रॉपर्टी ही नहीं बल्कि भविष्य भी माना जाता है। इसी के चलते यूटर्न अखबार और जनहितैषी न्यूज जैनल द्वारा यह सोचा गया कि निवेशकों को एक ही जगह ज्यादा चीजें मिल सकें और अपने निवेश को सही दिशा में लगा सकें। इस एग्जीबिशन में जो बुकिंग करवाएंगे, उन्हें कंपनियों द्वारा कंफर्म बुकिंग पर विदेशी टूर समेत कई और ऑफर दिए जाएंगे। वहीं विजिटर्स के लिए हर दो घंटे बाद लक्की ड्रॉ निकाले जाएंगे। जिसमें आकर्षित इनाम होंगे।

# लागू हुआ फाइनेंस एक्ट 2026: 1 अप्रैल से बदले टैक्स नियम, आम आदमी पर असर




नई दिल्ली/यूटर्न/05 अप्रैल। केंद्र सरकार द्वारा पारित फाइनेंस एक्ट 2026 1 अप्रैल से पूरे देश में लागू हो गया है, जिसके तहत आयकर, सरचार्ज और कई वित्तीय प्रावधानों में अहम बदलाव किए गए हैं। नए नियमों का सीधा असर आम करदाताओं, निवेशकों और कारोबारियों पर पड़ेगा। सरकार ने आयकर व्यवस्था को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कुछ प्रक्रियाओं को आसान किया है, वहीं उच्च आय वर्ग के लिए सरचार्ज ढांचे में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और टैक्स चोरी पर रोक लगाने के लिए निगरानी तंत्र को और सख्त किया गया है। नए वित्तीय प्रावधानों के तहत कुछ छूट और कटौतियों में बदलाव किए गए हैं, जिससे टैक्स प्लानिंग के तरीके भी प्रभावित होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि ये बदलाव सरकार की राजस्व वृद्धि और आर्थिक अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम हैं। हालांकि, आम लोगों को नए नियमों को समझने और अपनी वित्तीय योजना में जरूरी बदलाव करने की सलाह दी गई है। फाइनेंस एक्ट 2026 के लागू होने से देश की टैक्स प्रणाली में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा, जिसका असर आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

# बढ़ रहा है डेंगू का खतरा, मरीज हुए 100 से पार 83 मरीज को बताया जा चुका है नेगेटिव

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 4 अप्रैल। महानगर में समय से पहले डेंगू का खतरा बना हुआ है जो बारिश से और बढ़ गया है चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ-साथ ही मच्छरों का प्रकोप साफ देखने में नजर आ रहा था शहर के हर हिस्से में मच्छरों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही थी अब इसमें और वृद्धि हो सकती है क्योंकि हर बारिश के बाद मच्छरों की जनसंख्या बढ़ती है अस्पतालों की रिपोर्ट की माने तो डेंगू के मरीजों की संख्या 100 से पर हो चुकी है जबकि स्वास्थ्य विभाग 83 मरीजों को क्रास चेकिंग के नाम पर नेगेटिव करार दे चुका है और एक मरीज को अब तक पॉजिटिव बताया गया है विशेषज्ञों के अनुसार हर अस्पताल अपने मानकों के हिसाब से डेंगू का टेस्ट करता है और फिर उसका उपचार जिससे मरीज ठीक होकर घर चला जाता है परंतु विलंब से भेजी गई सैंपल की रिपोट्र्स जो स्वास्थ्य विभाग को क्रास चेकिंग के लिए भेजी जाती है समय अवधि बीतने के साथ और लैब स्पेसिफिक सैंपल न होने के कारण बहुत बार मरीजों की रिपोर्ट




फॉल्स नेगेटिव आ जाती है उन्होंने बताया कि मरीज के ब्लड सैंपल्स को निर्धारित तापमान पर रखना आवश्यक है अगर ऐसा ना किया जाए तो टेस्ट के नतीजे बदल सकते हैं अब देखने वाली बात यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग सैंपल के रखरखाव में निर्धारित मापदंडों को पूरा करता है या नहीं।

### डेंगू की रोकथाम के लिए तैयारी पूरी नहीं

स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 83 मरीजों की क्रास चेकिंग के नाम पर रिपोर्ट तैयार की है परंतु हर अस्पताल से स्वास्थ्य विभाग को रिपोट्र्स नहीं भेजी जा रही जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों को कोई पत्र जारी नहीं किया गया है और ना ही अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कोई मीटिंग की गई है कि व हर संदिग्ध और पॉजिटिव डेंगू के मरीजों की रिपोर्ट उसी दिन स्वास्थ्य विभाग को भेज दे। अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्प्रे करने के लिए दवाइयां का स्टॉक मंगवाया गया है या नहीं फोकल सप्रे और डेंगू के लारवा की जांच के लिए टीमे गठित की गई है या नहीं यहां तक की डेंगू के मच्छर का लारवा खाने वाली गैंबुजिया मछली के लिए बनाए गए छोटे से तालाब में मछलियां रखी जा रही है या नहीं क्योंकि वहां पर मछलियों की जगह कबाड़ पड़ा हुआ दिखाई देता है।

### नगर निगम से तालमेल नही

मच्छरों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस वर्ष नगर निगम से कोई तालमेल नहीं किया गया है ताकि होगी का शेड्यूल बनाने के लिए कोई परस्पर सहमति बनाई जा सके विशेषज्ञों का कहना की भले ही अभी मरीज की संख्या इतनी नहीं है परंतु लापरवाही के कारण मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ सकती है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि बेमौसमी बारिश से डेंगू का प्रकोप समय से पहले शुरू हो सकता है।

# नए वित्तीय साल में बड़े बदलाव: PAN, FASTag, ATM और बैंकिंग नियम बदले

नई दिल्ली। नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही 1 अप्रैल से कई महत्वपूर्ण वित्तीय नियमों में बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका सीधा असर आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ेगा। इन बदलावों में PAN कार्ड, FASTag, ATM ट्रांजैक्शन और बैंकिंग सेवाओं से जुड़े नियम प्रमुख हैं। अब PAN कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया को और सख्त और डिजिटल बनाया गया है, जिससे




फजीवाड़े पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। वहीं FASTag से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया गया है, जिसके तहत टोल भुगतान को और पारदर्शी और अनिवार्य बनाया गया है। ATM से पैसे निकालने और बैलेंस चेक करने जैसी सेवाओं पर कुछ बैंकों ने शुल्क में संशोधन किया है, जिससे मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा के बाद ग्राहकों को ज्यादा शुल्क देना पड़ सकता है। इसके अलावा, बैंकिंग सिस्टम में KYC नियमों को भी और कड़ा किया गया है, ताकि धोखाधड़ी पर अंकुश लगाया जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य वित्तीय प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और डिजिटल बनाना है। हालांकि, आम लोगों को सलाह दी गई है कि वे नए नियमों की जानकारी लेकर अपनी वित्तीय आदतों में जरूरी बदलाव करें, ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके।



पेज 06 अमलाला में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस...

# अखबार द्वारा प्रकाशित प्रमाणित मुद्दों के जरिए मार्केटिंग करने में जुटे कुछ नेता और तथाकथित पत्रकार

## नगर निगम में अनऑथराइज्ड सर्टीफिकेट के जरिए भर्ती होने का मामला

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। आज के कलयुग में लोगों को आराम की इतनी आदत पड़ चुकी हैं कि वह काम को अपना दुश्मन समझने लग गए हैं। जिसके चलते लोग इजी वर्क की तरफ ज्यादा भाग रहे हैं। जनता के हालात यह हैं कि वह बिना मेहनत और काम किए, बैठे बैठाए फेम ढूंढ रहे हैं। इसकी ताजा उदाहरण लुधियाना में देखने को मिल रही है। जहां पर यूर्टन टाइम अखबार द्वारा पिछले दिनों नगर निगम में अनऑथराइज्ड यूनिवर्सिटियों के सर्टीफिकेटों के जरिए कुछ अफसरों द्वारा तरक्कियां लेने का मामला उठाया गया। ऐसे ही कुछ प्रमाणित मुद्दों को शहर के तथाकथित नेता और तथाकथित पत्रकार अपना बताते हुए जमकर सुर्खियां बटोरने में लगे हुए हैं। जिसकी एवज में जमकर मार्केटिंग की जा रही है, ताकि उन्हें आसान और सस्ता फेम मिल सके। इस फेम के चक्कर से साफ जाहिर है कि लोग खुद काम कर नहीं पा रहे या उन्हें काम आता नहीं है, जिसके चलते वह पूरा दिन सिर्फ इसी सर्च पर अपना समय खराब करते हैं कि किसका मुद्दा अपना बनाकर वाहवाही बटौरी जाए। हालांकि ऐसे लोगों के पास न तो प्रूफ होते हैं और न ही दस्तावेज। वहीं तथाकथित पत्रकार ऐसे करके बाद में लोगों को ब्लैकमेल कर दूसरे पत्रकारों की भी छवि खराब करते हैं। ऐसे लोगों के कारण लीगल तौर पर मजबूत पत्रकारों की भी बदनामी होती है।




### खुद फील्ड में उतरने और ट्रेनिंग की जरुरत

वहीं चर्चा है कि ऐसे तथाकथित पत्रकार पूरा दिन दूसरों के मुद्दों को तलाशते रहते हैं। जिसके चलते उन्हें खुद फील्ड में उतरने की जरुरत है। ताकि वह मेहनत करें और लोगों की अन्य समस्याओं को जनता करें। वहीं लोगों की सलाह है कि अगर ऐसे लोगों को सही से काम नहीं आता कि कौन से मुद्दे उठाए और कैसे उठाएं, तो उन्हें कोर्स के जरिए ट्रेनिंग लेने की जरुरत है। जिसके बाद ही वह अपने काम में माहिर हो सकेगें।

### जनता अच्छे से जागरुक

वहीं बता दें कि तथाकथित पत्रकार बेशक वाहवाही के चक्कर में उक्त मुद्दे को दोबारा से भुनाते हुए जनता के बीच लेकर आते हैं। मगर जनता को अब गुमराह करना नामुमकिन हैं। जनता अच्छे से हर चींज से जागरुक हो चुकी है। बेशक ऐसे नेता और पत्रकार खुद को एडवांस समझते हैं, लेकिन अब जनता उनसे दो कदम आगे हैं। वहीं बिना प्रूफ के मुद्दों को उठाने वाले तथाकथित पत्रकारों को साबित करना मुश्किल हो जाता है। जिससे वह अपने साथ साथ पत्रकारिता की भी बदनामी करवाएंगे।

# यूएस ने ईरान के पहाड़ों के अंदर से अपने गंभीर रूप से घायल F-15 पायलट को बचाया

## दर्जनों सबसे घातक विमानों को कार्रवाई में लगाया गया

चंडीगढ़/यूटर्न/5 अप्रैल। यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रविवार की सुबह यूएस सेना द्वारा बचाए गए एयरमैन गंभीर रूप से घायल थे और उन्होंने उनकी पहचान एक बेहद सम्मानित कर्नल के रूप में की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने कहा कि यह मिशन पहाड़ी इलाके में हुआ, जबकि ईरानी सैन्य बल भी बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से उनकी तलाश कर रहे थे। ट्रंप ने इस मिशन में शामिल कर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें महान सैन्य योद्धा कहा, और इस मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आवश्यक तालमेल और साहस के स्तर पर जोर दिया। हमने ईरान के पहाड़ों के अंदर से, गंभीर रूप से घायल और सचमुच बहादुर, F-15 क्रू सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। ईरानी सेना बड़ी संख्या में उनकी जोर-शोर से तलाश कर रही थी और उनके करीब पहुँच रही थी। वह एक बेहद सम्मानित कर्नल हैं।



### ट्रंप ने की पुष्टि

एक पिछली पोस्ट में, ट्रंप ने अधिकारी के बचाए जाने की पुष्टि की और कहा कि सरकार किसी भी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय ईरानी गुटों द्वारा दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टरों को निशाना बनाए जाने के बाद, यूएस सेना ने दूसरे बचाव मिशन के लिए सबसे घातक हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे थे। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, हमने उसे पा लिया! मेरे साथी अमेरिकी नागरिकों, पिछले कुछ घंटों के दौरान, अमेरिकी सेना ने अमेरिका के इतिहास में सबसे साहसी खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### इसी रेड कम ही होती है

इस तरह की रेड शायद ही कभी की जाती है, क्योंकि इसमें 'जान और साजो-सामान दोनों को खतरा होता है। ऐसा आमतौर पर होता ही नहीं है। यह दूसरी रेड पहली रेड के बाद हुई, जिसमें हमने पायलट को दिन-दहाड़े बचाया था, जो कि अपने आप में एक असामान्य बात है और इस दौरान हमने ईरान के ऊपर सात घंटे बिताए, ट्रंप की सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है। सभी की ओर से बहादुरी और हुनर का एक जबरदस्त प्रदर्शन। मैं सोमवार को दोपहर 1 बजे, ओवल ऑफिस में सेना के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करूँगा। ईश्वर हमारे महान सैन्य योद्धाओं का भला करे।

### यह अभियान एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था

यह अभियान हमारे एक बेहतरीन क्रू सदस्य अधिकारी के लिए था, जो कि एक अत्यंत सम्मानित कर्नल भी हैं और मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अब वह पूरी तरह सुरक्षित और सकुशल हैं। यह बहादुर योद्धा ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा हुआ था; हमारे दुश्मन उसका लगातार पीछा कर रहे थे और हर गुजरते घंटे के साथ उसके और करीब पहुँचते जा रहे थे। लेकिन वह कभी भी सचमुच अकेला नहीं था, क्योंकि उसके कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन और उसके साथी योद्धा दिन-रात 24 घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रखे हुए थे, और उसे बचाने के लिए पूरी लगन से योजना बना रहे थे।

# जीरकपुर के लोहगढ़ 2 लोगों ने फंदा लगाकर किया सुसाइड, मौत

## दोनों घटनाओं में नहीं मिला सुसाइड नोट, जांच में जुटी पुलिस

जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। जीरकपुर के लोहगढ़ में 2 लोगों ने खुद को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिनकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शवों को कब्जों में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर आगामीं जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलने के बाद दोनों शवों को बारी-बारी सेठी ढाबा की एंबुलैंस की मदद से अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाकर आगामीं जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही दोनों ही जगहों पर व्यक्तियों द्वारा की गई आत्महत्या के बाद घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसके चलते पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, मृतकों में एक पहचान विकास सिंह निवासी लोहगढ़ के रूप में हुई है, जो 2 दिन पहले किराए पर कमरा लेकर लोहगढ़ में रहने आया था। पुलिस के अनुसार, मृतक विकास दिहाड़ी करता था, जिसने कमरे में खुद को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटना की सूचना शाम 5 बजे के बाद मिली, जिसने मौके पर पहुंच जांच की तो कमरे में शराब की बोतलें मिली और कमरे से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।इसी तरह, लोहगढ़ की गोल्डन एनक्लेव कालोनी में परिवार के साथ रहने वाले सतीष राणा ने खुद को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका शव पुलिस ने अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सतीष परिवार सहित रहता था और मूलरूप से परिवार हरियाणा के जींद जिले से संबंध रखता है। वहीं, परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ से पता चला कि मृतक सतीष मिलनसार व्यक्ति था, जो हर किसी से मिलते हुए प्यार से बात करता था। वहीं, सतीष अपने से छोट और बड़ों को हमेशा इज्जत से बात करता था, लेकिन उसके द्वारा अचानक फंदा लगाकर आत्महत्या का कारण समझ से परे है।



# टैक्स का पैसा प्रचार में बर्बाद कर रही AAP सरकार: तरुण चुग



चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। तरुण चुग ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि जनता के टैक्स का पैसा राजनीतिक प्रचार में बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर विज्ञापनों और दिखावे की राजनीति कर रही है। चुग के अनुसार, पंजाब इस समय आर्थिक और प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन सरकार समाधान के बजाय प्रचार पर अधिक खर्च कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की जनता की मेहनत की कमाई को अन्य राज्यों में पार्टी के विस्तार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जो विश्वासघात है।

उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्य धीमे पड़े हैं और आम जनता को सरकारी खर्च का कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल रहा। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का मुद्दा उठाते हुए चुग ने बताया कि पंजाब में महंगाई भत्ता (DA) लगभग 38% है, जबकि अन्य राज्यों में यह करीब 54% तक पहुंच चुका है। चुग ने मांग की कि सरकार अपने खर्चों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करे और पारदर्शिता के साथ जनहित में काम करे, न कि राजनीतिक प्रचार में संसाधन खर्च करे।

# मदद की गुहार के 7 महीने बाद, हरियाणा का युवक यूक्रेन युद्ध से बॉडी बैग में लौटा

चंडीगढ़/यूटर्न/5 अप्रैल। अंकित जांगड़ा, जो स्टडी वीजा पर रूस गया था, अब एक ताबूत में लौटा है। उसके आखिरी शब्द थे, प्लीज हमें बचा लो... हमारी जान किसी भी पल खतरे में पड़ सकती है। शायद यह हमारी आखिरी कॉल हो। ये शब्द हरियाणा के फतेहाबाद के कुम्हारिया गाँव के 23 साल के अंकित ने सितंबर 2025 के दूसरे हफ्ते में रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के इलाके से कहे थे। वहाँ कथित तौर पर रूसी सेना ने उसे और कई दूसरे भारतीय युवकों को जबरदस्ती युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया था। इसके एक दिन से भी कम समय बाद, उससे सारा संपर्क टूट गया। शनिवार को, उसका कंकाल जैसा शरीर दिल्ली पहुँचाया गया, और फिर वहाँ से उसके गाँव ले जाया गया। गाँव में उसके शोकाकुल परिवार वालों ने उसके अंतिम संस्कार की तैयारी की। पूरे गाँव में मातम पसरा हुआ है, जबकि उसके दोस्त विजय पूनिया (25) का, जो उसके साथ रूस गया था, अब तक कोई पता नहीं चला है।



## स्टडी वीजा पर गया रूस

अंकित फरवरी 2025 में स्टडी वीजा पर रूस गया था, और उसने मॉस्को के एक कॉलेज में भाषा का कोर्स करने के लिए दाखिला लिया था। अपना खर्च चलाने के लिए, वह एक रेस्टोरेंट में पार्ट-टाइम काम करता था। लेकिन, उसके परिवार के मुताबिक, उसे और विजय को, साथ ही हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के करीब 15 दूसरे भारतीय युवकों को, एक महिला ने ऊँची सैलरी वाली नौकरियों का झांसा देकर फंसाया था। इसके बजाय, उन्हें कथित तौर पर जबरदस्ती रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया और यूक्रेन युद्ध में लड़ने के लिए भेज दिया गया। जब परिवारों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, तो उस महिला ने पहले तो दावा किया कि वे मर चुके हैं, और फिर उनसे सारा संपर्क ही काट दिया।

## अंकित ने हालातों को किया बया

10 सितंबर को हुई बातचीत में, अंकित ने उन भयानक हालातों के बारे में बताया जिनका उन्हें सामना करना पड़ा था। उसने बताया कि उनके ग्रुप को सेलिडोव में, जो रूस से 200-300 किलोमीटर दूर एक कब्जे वाला इलाका था, सेना की कड़ी निगरानी में रखा गया था। उनसे 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद 20 लाख रुपये और हर महीने 1.5-2 लाख रुपये सैलरी देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें वहाँ से कभी बाहर निकलने नहीं दिया गया। ये लड़के सिर्फ ब्रेड और जैम खाकर गुजारा करते थे, और बहुत ही मुश्किल और अमानवीय हालातों में रहते थे। उनके ग्रुप के पाँच लड़के पहले ही मारे जा चुके थे, और कुछ लापता हो गए थे, जिनके बारे में माना जाता है कि वे भी मारे जा चुके हैं।

## बार बार मदद के लिए गुहार लगाई

परिवार ने बताया कि उन्होंने मदद के लिए बार-बार गुहार लगाई; दिल्ली और चंडीगढ़ के अधिकारियों, रूसी दूतावास, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय से संपर्क किया। सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा और रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी विदेश मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। शुक्रवार को परिवार को वह दिल दहला देने वाली खबर मिली कि अंकित का शव घर भेजा जाएगा। उनके बड़े भाई, रघुवीर जांगड़ा ने बताया कि परिवार बेसब्री से उनके सुरक्षित लौटने की उम्मीद कर रहा था। उन्होंने कहा, हम हर दिन प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन इस खबर ने हमें पूरी तरह तोड़ दिया है।

# पंजाब की स्वास्थ्य योजना बनी सहारा: 2 लाख मरीजों का इलाज, 300 करोड़ से ज्यादा खर्च

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। पंजाब सरकार की स्वास्थ्य योजना राज्य के लाखों लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित रहने वाले मरीजों को अब बड़े पैमाने पर राहत मिल रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि इस योजना का मकसद इलाज को आम आदमी की पहुंच में लाना है, ताकि किसी की जिंदगी पैसों की कमी के कारण खतरे में न पड़े।

मंत्री के अनुसार, राज्यभर में 900 से अधिक सरकारी और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है, जहां मरीजों को पूरी तरह कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। अब तक 2 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है, जिनमें 40 हजार से ज्यादा सर्जरी शामिल हैं। इन उपचारों पर 300 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया जा चुका है, जो इस योजना के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है।



## हृदय रोगियों को नई जिंदगी

मंत्री ने बताया कि 5700 से अधिक हृदय रोगियों का एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर जैसे उपचार इस योजना के तहत किया गया है। इन पर 47 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया। इसके अलावा PGIMER में जटिल कार्डियक सर्जरी भी पूरी तरह कैशलेस की गई, जिसकी लागत निजी अस्पतालों में लाखों रुपये तक होती है।

## गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत

योजना का सबसे बड़ा असर किडनी, कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में देखने को मिला है।

- 68 हजार से अधिक किडनी मरीजों को नियमित डायलिसिस की सुविधा दी गई, जिस पर 14 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हुआ।
- 14 हजार से अधिक कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिन पर 35 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## दुर्लभ बीमारियों का भी मुफ्त इलाज

योजना के तहत दुर्लभ और जटिल बीमारियों का इलाज भी संभव हो पाया है। बठिंडा में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित एक मरीज का करीब 4.6 लाख रुपये का इलाज मुफ्त किया गया। वहीं, समय से पहले जन्मे एक नवजात के इलाज पर 4.35 लाख रुपये सरकार ने खर्च किए।

## गांव-गांव पहुंच रही योजना

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार अब गांव-गांव विशेष कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि डायलिसिस, कैंसर और हृदय रोग जैसे मामलों में समय पर इलाज बेहद जरूरी होता है और यह योजना न केवल जीवन बचा रही है, बल्कि परिवारों को आर्थिक और मानसिक राहत भी दे रही है। सरकार का दावा है कि मजबूत स्वास्थ्य ढांचे, व्यापक नेटवर्क और मुफ्त इलाज की सुविधा के बल पर पंजाब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर रहा है।

# भाजपा के 47वे स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम

पंचकूला/यूटर्न/05 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के 47वे स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को पंचकूला जिला संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पंचकमल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया कि 47वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल सुबह पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा साथ ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओ का विराट सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमे पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के अति वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को जिला संगठन द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। श्री मित्तल ने बताया, पार्टी स्थापना दिवस पर जिले के सभी 455 बूथों पर पार्टी का ध्वज फहराया जायेगा एवं बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। अजय मित्तल ने कहा, लगभग एक हफ्ते चलने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संपर्क बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक भवनजीत सिंह सूदन ने बताया की 47वे स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह है, पार्टी मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया है।



# पंचकूला में कांग्रेस की सख्ती: पूर्व मेयर समेत चार नेताओं को नोटिस, 7 दिन में जवाब तलब

पंचकूला/यूटर्न/05 अप्रैल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व मेयर उपेन्द्र वालिया सहित चार नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 4 अप्रैल को समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक की ओर से जारी किया गया। नोटिस में बताया गया है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। शिकायत में आरोप है कि 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में पंचकूला सीट से पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार होने के बावजूद उपेन्द्र वालिया, धनेन्द्र वालिया, रविन्द्र रावल और नरेश रावल ने उनके खिलाफ काम किया। इसे पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया है। अनुशासन समिति ने इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह पार्टी अनुशासन का बड़ा उल्लंघन है, जिससे संगठन की एकता और वैचारिक मजबूती प्रभावित होती है। सभी संबंधित नेताओं को सात दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। समिति ने चेतावनी दी है कि समय पर जवाब न मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की जानकारी वरिष्ठ नेताओं को भी भेजी गई है। इस कदम के बाद प्रदेश कांग्रेस में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।



कुलदीप सैनी

# नॉन मेडिकल +1 में 93% अंक प्राप्त करके स्कूल में से प्रथम स्थान प्राप्त किया

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। सरकारी सीनियर सेकंडरी सम्राट स्कूल पदी सूरा सिंह के प्लस+1 नॉन मेडिकल के छात्र प्रेम प्रकाश पुत्र रत्न प्रकाश निवासी जेजों की ओर से स्कूल में से 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर उन्हें प्रिंसिपल कृपाल सिंह और अन्य स्कूल स्टाफ की ओर से बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे और भी ज्यादा मेहनत और लगन से पढाई करने के प्रेरित किया इस अवसर पर प्रेम प्रकाश के माता राम प्रीत,रणजीत कौर और हरप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।





पेज 12 होर्मुज को खोलो, कमीनों: ट्रंप ने ट्रंप के अंदाज में दी ...

# चंडीगढ़ के बीजेपी दफ्तर पर ग्रेनेड हमले में आईएसआई का हाथ, पुर्तगाल और जर्मनी से जुड़े तार, अब तक 7 गिरफ्तार

पंजाब/यूटर्न/5 अप्रैल। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में भाजपा कार्यालय पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले को सुलझा लिया है। इस घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक हैंड ग्रेनेड और एक .30 बोर जिगाना पिस्टल के साथ गोला-बारूद बरामद किया गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बलविंदर लाल उर्फ शमी, जसवीर सिंह उर्फ जस्सी, चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी, रुबल चौहान और मनदीप उर्फ अभिजोत शर्मा के रूप में हुई है। डीजीपी यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल को पाकिस्तान की आईएसआई का समर्थन प्राप्त था और यह पुर्तगाल और जर्मनी में स्थित विदेशी हैंडलरों के निदेशों पर काम कर रहा था।



## इस नेटवर्क में कई संगठन सामिल

उन्होंने आगे बताया कि आरोपी एक सुनियोजित नेटवर्क का हिस्सा थे, जिसमें हमले को अंजाम देने के लिए कई सहायक संगठन और उप-मॉड्यूल शामिल थे। डीजीपी ने बताया कि हमले में शामिल दो मुख्य अपराधियों की पहचान भी कर ली गई है। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में आगे और पीछे की कड़ियों को स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## सेक्टर-37 स्थित ऑफिस में हुआ था हमला

जानकारी के अनुसार, बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय के बाहर ग्रेनेड हमला किया गया था। सहायक महानिरीक्षक दीपक पारेख ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि आरोपियों ने हथगोले, हथियार और कारतूसों से भरी खेप का परिवहन किया था। उन्होंने आगे बताया कि यह खेप अंतिम अपराधियों को सौंपे जाने से पहले कई अधिकारियों के माध्यम से वितरित की गई थी।

# 3 घंटे में लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार: चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कामयाबी

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। शहर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूट की वारदात को महज 3 घंटे में सुलझा लिया। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई यूटी की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर सिटी एसपी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। सेक्टर-31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया।



## क्या था मामला?

*मामला 3 अप्रैल की रात करीब 9:15 बजे का है। मोहाली के जगतपुरा निवासी 20 वर्षीय युवक पंकज औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 से काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह काली बाड़ी लाइट प्वाइंट के पास पहुंचा, मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। एक आरोपी ने चाकू उसकी गर्दन पर रखकर उसका पर्स छीन लिया, जबकि दूसरे ने उसका वीवो मोबाइल फोन लूट लिया। आरोपियों ने युवक को थप्पड़ मारकर मौके से फरार हो गए।*

## ऐसे पकड़े गए आरोपी

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और महज 3 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान पटियाला निवासी जॉबन प्रीत सिंह (26) और लुधियाना निवासी डबिंदर (29) के रूप में हुई है।

बरामदगी...पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 वीवो मोबाइल फोन ,1 चाकू ,पर्स ,आधार कार्ड बरामद किए हैं।

## कोर्ट में पेश, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि शहर में अपराध पर लगाम लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# आंनदपुरी में ट्यूबवेल का उद्घाटन, पानी की किल्लत होगी दूर

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। वार्ड 3 आंनदपुरी में पार्षद पल्लवी विपन विनायक द्वारा अपने पार्षद कोटे से पानी के ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। इस ट्यूबवेल के लगने से वार्ड 3 के अंतर्गत आंनदपुरी, गुरु गोबिंद सिंह नगर, गुरप्रीत नगर व काली सड़क से लगते इलाकों में लंबे समय से आ रही पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद पल्लवी विपन विनायक ने कहा कि उनका संकल्प हर घर शुद्ध जल के तहत वार्ड के हर परिवार को 24 घंटे साफ और पर्याप्त पानी की सप्लाई सुनिश्चित करना है। उद्घाटन समारोह में उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता विपन विनायक, वरिंदर शर्मा, रुचिर दीवान, चरणजीत सिंह, संजय जैन, रिंकू बंसल, अश्वनी अग्निहोत्री, बोबी मल्होत्रा, अर्जुन विनायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# चंडीगढ़ में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, दो देसी कट्टे और कारतूस बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। हालिया जघन्य अपराधों की संवेदनशीलता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में सेक्टर-11 थाना क्षेत्र में विशेष पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर, एसडीपीओ सेंट्रल दलवीर सिंह की निगरानी और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर के नेतृत्व में की गई।



## गैस एजेंसी मोड़ के पास पकड़ा गया आरोपी

4 अप्रैल को एएसआई अमरजीत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम सेक्टर-25 में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गैस एजेंसी मोड़ के पास एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो अवैध देसी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक की पहचान सेक्टर 25 निवासी कृष @ काका (उम्र के रूप में हुई है। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला। इस मामले में थाना सेक्टर-11 में आर्म्स एक्ट की धारा 25/54/59 के तहत एफआईआर नंबर 51 (दिनांक 04.04.2026) दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस का कहना है कि समय रहते कार्रवाई कर संभावित वारदात को टाल दिया गया। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# चंडीगढ़ में निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान, तय दुकानों से किताबें खरीदने की मजबूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही शहर में निजी स्कूलों की किताबों और यूनिफॉर्म को लेकर अभिभावकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। आरोप है कि कई प्राइवेट और कॉन्वेंट स्कूल अभिभावकों को केवल तय दुकानों से ही कॉपी-किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे उन्हें अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। शहर के 75 से अधिक निजी स्कूलों में सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन किताबों की खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी सामने आ रही है। सेक्टर-19, 22 और आसपास के इलाकों में स्थित दुकानों पर अभिभावकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई अभिभावकों का कहना है कि घंटों लाइन में लगने के बावजूद उन्हें सभी कक्षाओं की किताबें एक ही स्थान पर उपलब्ध नहीं हो पा रहीं, जिससे उन्हें बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



किताबों की बढ़ती कीमतें भी अभिभावकों के लिए बड़ी चिंता बन गई हैं। पहली कक्षा की किताबों का सेट 3500 से 4700 रुपये तक बिक रहा है, जबकि चौथी से सातवीं कक्षा तक यह खर्च 5000 से 9000 रुपये तक पहुंच गया है। अभिभावकों का आरोप है कि हर साल नए एडिशन के नाम पर किताबें खरीदने का दबाव बनाया जाता है, जबकि पुराने एडिशन सस्ते में उपलब्ध हो सकते हैं। स्थानीय दुकानदारों का भी कहना है कि वे कम कीमत पर किताबें उपलब्ध कराने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें सप्लाई नहीं दी जाती। वहीं, अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के निर्देशों का जमीनी स्तर पर पालन नहीं हो रहा। अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले में सख्ती बरती जाए, स्कूलों को एक से अधिक दुकानों से किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएं और खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम हो सके।

# अमलाला में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का दिया संदेश

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अप्रैल। डेराबस्सी हल्के के गांव अमलाला में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मोहाली भाजपा के प्रधान संजीव विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव विशिष्ट ने कार्यकर्ताओं को संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी, तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी और बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकेंगे।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब इन्फोटेक के पूर्व




अध्यक्ष एस.एम.एस. संधू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की सफलता के लिए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आपसी तालमेल और एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मिलजुल कर चुनाव लड़ने से ही पार्टी को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में संजीव खन्ना, बन्नी संधू, लवली वैष्णव, मुकेश गांधी, सुशील राणा, अनुज अग्रवाल, लभ सिंह जोला, सुभाष सैनी, बब्बी सैदपुरा, जसदेव सैदपुरा, नरेंद्र जंगी और पंडित अशोक शर्मा सहित सभी मंडल प्रधान, विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम का आयोजन गांव अमलाला में मंडल प्रधान डेराबस्सी ग्रामीण सुखदेव राणा द्वारा किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

# श्री सिद्धि विनायक मंदिर में भव्य हवन यज्ञ का आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। चूहड़पुर रोड स्थित न्यू माया नगर, हैबोवाल के श्री सिद्धि विनायक मंदिर में श्रृंखलाबद्ध हवन यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर हवन में आहुतियां अर्पित कीं और सुख-समृद्धि की कामना की।हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य पंडित कमल किशोर एवं पंडित विजय शर्मा ने पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न कराया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता का संचार हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हवन यज्ञ भारतीय



संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक सोच का प्रसार होता है। चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि हवन यज्ञ से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है बल्कि व्यक्ति के भीतर की नकारात्मक ऊर्जा भी समाप्त होती है। इस अवसर पर रविनंदन शर्मा, सोनिया शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, महासचिव मुनीश कक्कड़, नीलम शर्मा, नीना शर्मा, हन्नी कौशल, अशोक गुप्ता, शिव कुमार तिवाड़ी, सुनील सिंगला, मीना सिंगला, कपिल शर्मा, रजनीश, धर्मराज आदि उपस्थित हुए।

# पंजाब सरकार ने महिला सम्मान योजना की नोटिफिकेशन कर निभाया वायदा : अजिंदर कौर

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/05 अप्रैल। आम आदमी पार्टी महिला विंग मालवा जोन इंचार्ज तथा पंजाब राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंद्र कौर ने पंजाब सरकार द्वारा पंजाब की लाखों माताओं बहनों बेटियों के सम्मान के लिए 1000 रुपया तथा 1500 महीना सम्मान राशि देने की योजना का नोटिफिकेशन जारी करने पर मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान तथा पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए इसे 2022 के चुनावों में राज्य की जनता से किए वायदों में 100 % वायदे पूरे करने वाली सरकार बताया।



अजिंदर कौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सुप्रीमो अरविंद्र केजरीवाल तथा पार्टी के पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने सहयोगी साथियों के साथ आम आदमी की आवाज बुलंद करने के लिए ही आम आदमी पार्टी का गठन किया था। उन्होंने कहा कि पंजाब में राज्य के हर वर्ग चाहे किसान, व्यापारी, युवा वर्ग महिलाएं, विद्यार्थी वर्ग हो, सभी वर्गों के लिए पंजाब सरकार ने पिछले 4 वर्षों में रिकॉर्डतोड़ कार्य किए और राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए सीधी सड़कों का निर्माण किया। दशकों पुरानी खस्ताहाल सड़कों का नवीनीकरण किया और शहरों के साथ ही ग्रामीण एरिया में बिजली की निर्विघ्न सप्लाई को यकीनी बनाया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### पैनिक है तो क्या करें?

जीवन में घबराहट (पैनिक) की स्थिति कभी भी आ सकती है-चाहे परीक्षा का दबाव हो, किसी समस्या का अचानक सामना हो या भविष्य की चिंता। ऐसे समय में सबसे जरूरी है खुद को संभालना और शांत रहना। घबराहट हमारी सोचने की क्षमता को कम कर देती है, जिससे हम सही निर्णय नहीं ले पाते। सबसे पहले, गहरी सांस लेना सीखें। जब भी तनाव महसूस हो, धीरे-धीरे लंबी सांस लें और छोड़ें। इससे मन शांत होता है और शरीर को संतुलन मिलता है। दूसरा, स्थिति को समझने की कोशिश करें। हर समस्या का समाधान होता है, बस हमें धैर्य से काम लेना होता है। तीसरा, सकारात्मक सोच अपनाएं। नकारात्मक विचार घबराहट को बढ़ाते हैं, जबकि सकारात्मक दृष्टिकोण हमें मजबूत बनाता है। खुद पर विश्वास रखें कि आप इस स्थिति से बाहर निकल सकते हैं।

इसके अलावा, अपने समय का सही प्रबंधन करें और समस्याओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर हल करें।

अंत में, याद रखें कि हर कठिन समय अस्थायी होता है। यदि हम शांत दिमाग और आत्मविश्वास के साथ काम करें, तो किसी भी पैनिक स्थिति को आसानी से संभाल सकते हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Affidavit क्या होता है और कहाँ काम आता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कानूनी प्रक्रिया में "Affidavit" शब्द अक्सर सुनने को मिलता है, लेकिन बहुत से लोग इसके महत्व को सही तरह से नहीं समझते। Affidavit एक लिखित शपथ-पत्र (swornstatement) होता है, जिसमें कोई व्यक्ति किसी तथ्य को सत्य बताते हुए उस पर हस्ताक्षर करता है। यह आमतौर पर Notary Public या Oath Commissioner के सामने सत्यापित (verify) किया जाता है।

इसका उपयोग कई जगह होता है—जैसे नाम परिवर्तन, पता प्रमाण, बैंक कार्य, कोर्ट केस, शैक्षणिक दस्तावेज, या किसी तथ्य को प्रमाणित करने के लिए। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी व्यक्ति को अपना नाम बदलना है, तो उसे affidavit देना आवश्यक होता है। यह समझना जरूरी है कि Affidavit सिर्फ एक कागज नहीं है, बल्कि एक कानूनी घोषणा है। यदि इसमें दी गई जानकारी गलत पाई जाती है, तो यह झूठी गवाही (false evidence) के अंतर्गत आ सकता है और इसके गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं।

कई लोग बिना पढ़े या समझे affidavit पर हस्ताक्षर कर देते हैं, जो बाद में उनके लिए समस्या बन सकता है।

निष्कर्ष : Affidavit एक कानूनी शपथ-पत्र है, जिसे पूरी समझ और सच्चाई के साथ ही बनाना चाहिए। इसमें दी गई जानकारी की जिम्मेदारी पूरी तरह से देने वाले व्यक्ति की होती है।

# उड़ान रन 5के रन में समावेशन, ऊर्जा और उद्देश्य की भावना देखने को मिली

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। लुधियाना, राजगढ़ एस्टेट्स में आयोजित माइल्स फॉर ए मिशन उड़ान रन 5के रन में समावेशन, ऊर्जा और उद्देश्य की भावना देखने को मिली। सन फाउंडेशन के छात्रों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने केवल फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि एक नेक उद्देश्य विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के समर्थन और सशक्तिकरण के लिए दौड़ लगाई। यह दौड़ इस संदेश को खूबसूरती से दर्शाती है कि हमारा हर एक कदम किसी और को खड़े होने, चलने और जीवन में आगे बढ़ने की ताकत दे सकता है। सन फाउंडेशन के छात्रों ने जबरदस्त उत्साह और प्रतिबद्धता



दिखाई, यह साबित करते हुए कि आज का युवा न सिर्फ सक्रिय है, बल्कि सामाजिक रूप से भी बेहद जिम्मेदार है। इस प्रभावशाली पहल का आयोजन डू गुड फाउंडेशन, उड़ान टीम और एक्ट ह्यूमन इंडिया द्वारा किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साझा उद्देश्य के लिए एकत्र हुए। पूरे कार्यक्रम में सकारात्मकता, संगीत और एक मजबूत सामुदायिक भावना देखने को मिली। डू गुड फाउंडेशन, की प्रतिनिधि जैस्मिन पाहवा ने कहा, उड़ान 5के रन का उद्देश्य सिर्फ एक दौड़ आयोजित करना नहीं है, बल्कि लोगों को एक ऐसे मंच पर जोड़ना है जहां वे मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

# पंजाब सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बड़े कदम - मंत्री अरोड़ा

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने रविवार को दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। मंत्री अरोड़ा ने यहां पंजाब हैपीनस एंड वेलनेस उत्सव में भाग लेते हुए बताया कि सरकार जल्द ही एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना शुरू करने जा रही है।



यह योजना महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने घोषणा की कि इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन बैसाखी के शुभ अवसर पर 13 अप्रैल से शुरू होंगे। इस योजना के तहत 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की पात्र महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जाएंगे। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे। अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार पहले से ही महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दे रही है, जिससे उनकी आवाजाही और आत्मनिर्भरता में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह नई योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को और मजबूत करेगी, क्योंकि इससे सीधे उनके हाथों में पैसा पहुंचेगा। उन्होंने महिलाओं के समग्र विकास के लिए चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया।

साथ ही, कार्यक्रम के आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ब्यूटी और सिलाई प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम महिलाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। इस मौके पर मेयर इंदरजीत कौर, सिम्मी पाशन, जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन जतिंदर सिंह खंगुरा, शरणपाल सिंह मक्कड़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम से पहले कैबिनेट मंत्री ने फिरोजपुर रोड पर वेव मॉल के सामने स्थित थिंद आई हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया।

# बाइक सवार पुल से गिरा, मौत, तेज रफ्तार के कारण बिगड़ा संतुलन, रेलिंग से टकराने के बाद हादसा

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। लुधियाना के व्यस्त इलाके जालंधर बाईपास पुल पर रविवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना



सामने आई। यहां एक व्यक्ति बाइक सहित रेलिंग से टकरा गया। रेलिंग से टकरा जाने के कारण वह पुल से नीचे गिर गया। ऊंचाई से सड़क पर गिरने के कारण व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। हालांकि अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की सूचना मिलने पर सलेम टाबरी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार एक युवक रविवार शाम को तेज रफ्तार बाइक से जा रहा था। इसी दौरान असंतुलित होकर वह रेलिंग से टकरा गया और फिर पुल से नीचे गिर गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

# पीआरटीसी के बेड़े में 100 नई बसें होंगी शामिल, सीएम मान देगें हरी झंडी




लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। पंजाब सरकार अपने सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को आधुनिक बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। 6 अप्रैल को पीआरटीसी के बेड़े में 100 नई बसें शामिल होंगी, जिन्हें मुख्यमंत्री भगवंत मान हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। वित्त और परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि पंजाब सरकार कुल 100 मिडी और 309 साधारण बसों की खरीद के लिए लगभग 125 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश कर रही है, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से बेड़े में शामिल किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन की बढ़ती मांग को तेजी से पूरा करने और कॉर्पोरेशन की परिचालन क्षमता को और बढ़ाने के लिए, पी.आर.टी.सी. किलोमीटर स्कीम के तहत 254 अतिरिक्त साधारण बसें भी चलाई जाएंगी।

# जैन धर्म दुनिया के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है – मंत्री अरोड़ा

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि आज के संघर्ष और हिंसा से भरे दौर में भगवान महावीर की शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। रविवार को लुधियाना के गुरु नानक देव भवन में आयोजित प्रभु महावीर भक्ति उत्सव में शामिल होते हुए उन्होंने कहा कि अहिंसा, करुणा, भाईचारा और सद्भाव जैसे संदेश आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म, जो दुनिया के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, शांति और नैतिक जीवन को बढ़ावा देता है। मंत्री ने जैन समाज की देश निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और परोपकार में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। अरुणा ने कहा कि आज के समय में जब दुनिया युद्ध, आतंकवाद



और सामाजिक तनाव से जूझ रही है, तब भगवान महावीर का जियो और जीने दो का सिद्धांत बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि इन मूल्यों को अपनाने से लालच और भौतिकवाद को कम किया जा सकता है और एक अधिक न्यायपूर्ण व संवेदनशील समाज बनाया जा सकता है। इस अवसर पर मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लुधियाना में थिंद आई हॉस्पिटल की नई ब्रांच शुरू, मंत्री संजीव अरोड़ा ने किया उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/05 अप्रैल। शहर में उन्नत नेत्र चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए थिंद आई हॉस्पिटल ने फिरोजपुर रोड स्थित वेव्स मॉल के नजदीक अपनी नई ब्रांच का शुभारंभ किया। इस एडवांस आई सेंटर का उद्घाटन पंजाब के कैबिनेट मंत्री Sanjeev Arora ने किया। नई ब्रांच में लेसिक और लेजर कैटरैक्ट सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मरीजों को अब बेहतर और आधुनिक इलाज स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इस सेंटर में नवीनतम तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है।

# पार्षद पल्लवी विनायक ने वार्ड न. 3 में किया नए ट्यूबवेल का उद्घाटन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/05 अप्रैल। वार्ड न. 3 की आंनदपुरी में पार्षद पल्लवी विपन विनायक द्वारा अपने पार्षद कोटे से 25 हाउस पावर के पानी के ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पल्लवी विपन विनायक ने बताया कि यह ट्यूबवेल लगने से वार्ड न. 3 के अंतर्गत आते आंनदपुरी, गुरुगोबिंद सिंह नगर, गुरप्रीत नगर व काली सड़क के साथ लगते ईलाको में आ रही पानी की किल्लत दूर होगी। पार्षद पल्लवी विपन विनायक का संकल्प हर घर शुद्ध जल के तहत वार्ड न 3 के हर परिवार को 24 घंटे शुद्ध जल की सप्लाई करना है। उद्घाटन समारोह में



पार्षद पल्लवी विपन विनायक के साथ विपन विनायक सीनियर भाजपा नेता, वरिनदर शर्मा,रुचिर दीवान,चरणजीत सिंह,संजय जैन,रिंकू बांसल,अश्वनी अग्निहोत्री,बोबी मल्होत्रा,अर्जुन विनायक,सत्यवान ढिल्लों, सौरव अरोड़ा,अमित अरोड़ा,महेश बुदिराजा,अंकुर लूम्बा,राजेन्द्र सिंह,संजीव सिंगला,कमल छाबड़ा,हुसन राजपुरी,अशोक शर्मा,बलजिनदर शर्मा,दिनेश शर्मा,विचित्र सिंह,विनोद कुमार,मदनलाल, काला कुमार,खैरती लाल,रमन कुमार,सोनू, मैडम चावला, विमल शर्मा, आशा देवी,रानी कुमारी,दीपक,संतोष आदि भी उपस्थित रहे।

# 500 रुपए के लिए खूनी संघर्ष, 3 घायल, 15 युवकों ने फैक्ट्री में घुसकर किया हमला, ईंट-पत्थर चले

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। गणेश नगर की गली नंबर 5 में शनिवार रात मामूली विवाद ने बड़े हमले का रूप ले लिया। मात्र 500 रुपए के लेन-देन को लेकर शुरू हुई बहस के बाद एक दर्जन से ज्यादा युवकों ने एक फैक्ट्री पर धावा बोल दिया। हमले में फैक्ट्री मालिक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार



के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री मालिक सर्वर ने बताया कि वर्मा प्रिंटिंग के नाम से दुकान चलाने वाला एक युवक उनके लिए प्रिंटिंग का काम करता है। शनिवार रात करीब 9:30 बजे वह फैक्ट्री आया था। सर्वर के मुताबिक युवक अत्यधिक नशे में था और अपने पुराने बकाया 500 रुपए मांग रहा था। सर्वर ने उसे अगले दिन आने को कहा, लेकिन युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब वह बाजार गया था तब पीछे से आरोपी ने 12 से 15 साथियों को बुला लिया। सर्वर के वापस लौटते ही हमलावरों ने ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावर जबरन फैक्ट्री के अंदर घुस गए और वहां मौजूद कर्मियों के साथ मारपीट की। इस हमले में दो कर्मियों के सिर फट गए हैं।

# नगर निगम चुनाव 2026: कांग्रेस ने तेज की तैयारियां, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। आगामी दिसंबर 2026 में प्रस्तावित नगर निगम चुनावों को लेकर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए पार्टी ने बूथ लेवल एजेंट (BLA) और बूथ कमेटियों की बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है, जो पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है। तीसरे दिन शहर के पांच वार्डों में बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ कमेटियों और बीएलए सदस्यों को चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।



इस दौरान सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच एस लक्की स्वयं विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। नेताओं ने बूथ कमेटियों की भूमिका को अहम बताते हुए कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट लक्ष्य दिसंबर 2026 के नगर निगम चुनाव हैं और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाकर इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस सभी 35 वार्डों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और अधिकतम सीटों पर जीत हासिल कर नगर निगम में मेयर बनाएगी। वहीं, सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि किसी भी चुनाव में बूथ कमेटी रीढ़ की हड्डी होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाने और मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने की अपील की।

पार्टी के अनुसार, पिछले तीन दिनों में 15 वार्डों में बैठकों का आयोजन किया जा चुका है, जबकि आगामी दिनों में शेष वार्डों में भी यह अभियान जारी रहेगा। कांग्रेस ने लक्ष्य रखा है कि अप्रैल माह के भीतर सभी 35 वार्डों में बूथ कमेटियों और बीएलए का गठन पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मई में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया और चुनावी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पार्टी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतर सके। चंडीगढ़ कांग्रेस का दावा है कि मजबूत संगठन और प्रभावी बूथ प्रबंधन के दम पर पार्टी आगामी नगर निगम चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी और शहर को जवाबदेह व विकासोन्मुख प्रशासन देगी।

# सेक्टर-45D में मकान तोड़ने के नोटिसों के खिलाफ भड़का विरोध, धरने की चेतावनी

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। सेक्टर-45D में हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी मकान तोड़ने के नोटिसों के खिलाफ स्थानीय निवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्र के मकान मालिकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और कार्रवाई को अन्यायपूर्ण व जनविरोधी बताया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर अपने घरों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। निवासियों का कहना है कि वे वर्षों से यहां रह रहे हैं और उनके आशियानों को उजाड़ने की कोशिश किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।



इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रभावित परिवार कल हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे, ताकि प्रशासन तक अपनी आवाज मजबूती से पहुंचाई जा सके। समाजसेवी एवं आम आदमी पार्टी के नेता शादाब राठी ने कहा कि यह लड़ाई केवल मकानों की नहीं, बल्कि लोगों के अधिकार और सम्मान की है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हाउसिंग बोर्ड ने अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों ने 'घर बचाओ - हक बचाओ' के नारे के साथ संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया है।

# सीवरेज ओवरफ्लो से नगला रोड बना मुसीबत, चार दिनों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी







जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। नगला रोड स्थित बाजीगर बस्ती के पास सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या ने एक बार फिर गंभीर रूप ले लिया है। पिछले चार दिनों से लगातार सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत पहले ही खस्ताहाल है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। ऐसे में ऊपर से सीवरेज का गंदा पानी भर जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना बेहद मुश्किल हो गया है। गंदगी और बदबू के चलते आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग के आसपास दर्जनों रिहायशी सोसाइटियां स्थित हैं, जहां हजारों लोग निवास करते हैं। रोजाना बड़ी संख्या में लोग इस सड़क का उपयोग करते हैं, लेकिन सीवरेज ओवरफ्लो के कारण उन्हें रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा कुछ समय पहले इस समस्या को अस्थायी रूप से ठीक किया गया था, लेकिन अब फिर से स्थिति जस की तस हो गई है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर लापरवाही बरत रहा है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो यह समस्या बड़े स्तर पर बीमारियों को जन्म दे सकती है। उन्होंने नगर परिषद से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

'नगला रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या वर्षों पुरानी है। नगर परिषद अधिकारियों को इस संबंधी जानकारी होने के बावजूद भी इसका स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा।'
— अर्जुन, स्थानीय निवासी

*'नगला रोड पर पिछले चार दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या दोबारा शुरू हो गई है, जिससे आसपास के क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।'*
*— सुखदेव सिंह, स्थानीय निवासी*

### प्रशासन का पक्ष नहीं मिला

इस संबंध में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए सवनीत सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# वार्ड-4 में कांग्रेस की बूथ बैठक, नेताओं ने संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। नगर निगम चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत वार्ड नंबर-4 में बीएलए और बूथ एजेंट्स की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को वाल्मीकि मंदिर, इंदिरा कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर सांसद मनीष तिवारी, चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस.



लक्की और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक लुबाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के दौरान नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूती देने का आह्वान किया। इस मौके पर कार्यकर्ता साहिल चावर ने भरोसा दिलाया कि इस बार पार्टी वार्ड में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करेगी। बैठक में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने अपने सुझाव भी साझा किए। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत नेटवर्क के जरिए ही आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सकता है।

# सतलुज में अवैध माइनिंग का 'खेला', रात के अंधेरे में ट्रॉलियों से ढोई जा रही रेत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/अप्रैल। इलाके के गांव मधेपुर और सतलुज दरिया के भीतर चल रहे कथित अवैध खनन का मामला अब गरमाता जा रहा है। एक स्थानीय शिकायतकर्ता ने प्रेस नोट जारी कर न केवल माइनिंग माफिया पर प्रहार किया है, बल्कि जिला प्रशासन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि रसूखदारों के संरक्षण में यह खेल लंबे समय से जारी है।

### प्रमुख बिंदु: शिकायतों के बाद भी नहीं रुकी मशीनें

रात का खेल: शिकायतकर्ता के अनुसार, पिछले एक महीने से मधेपुर में रात के समय अवैध




प्रशासन पर उठे सवाल

माइनिंग की जा रही है। भारी मशीनों के जरिए दरिया का सीना चीरा जा रहा है और ट्रॉलियों की लंबी कतारें रेत ढो रही हैं।

प्रशासनिक सुस्ती: दावा किया गया है कि 23 मार्च को ही उच्च अधिकारियों को सबूतों के साथ पत्र भेजा गया था, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वीडियो सबूत: अवैध माइनिंग और रेत ढोती ट्रॉलियों के वीडियो भी संबंधित अधिकारियों और पुलिस कंट्रोल रूम को भेजे गए हैं, इसके बावजूद विभाग मौन साधे हुए है।

### चंडीगढ़ से निष्पक्ष जांच टीम भेजने की मांग

शिकायतकर्ता ने स्थानीय तंत्र पर मिलीभगत का अंदेशा जताते हुए मांग की है कि:

ःस्थानीय अधिकारी कार्रवाई करने में विफल रहे हैं, इसलिए चंडीगढ़ मुख्यालय से एक ईमानदार और निष्पक्ष जांच टीम भेजी जाए। मौके पर भारी मशीनरी का इस्तेमाल नियमों और पर्यावरण, दोनों के लिए खतरा है।

### फिलहाल विभाग की चुप्पी बरकरार

इस गंभीर मामले और प्रशासन पर लगे आरोपों को लेकर अभी तक माइनिंग विभाग या स्थानीय पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सख्त एक्शन नहीं लिया गया, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# जब्त नशीले पदार्थ किए नष्ट, 153 मामलों की सामग्री का किया निपटान

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अप्रैल। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करते हुए मोहाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न मामलों में जब्त की गई नशीली सामग्री को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई एसएसपी मोहाली हरमनदीप हांस के दिशा-निर्देशों और जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी की अगुवाई में डेराबस्सी के गांव निंबुआ स्थित निर्धारित स्थल पर की गई। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 153 मामलों से संबंधित नशीले पदार्थों को नियमों के अनुसार नष्ट किया गया। यह प्रक्रिया मैसर्स आरई सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड (रेमकी एनवायरो इंजीनियर्स लिमिटेड) की फैक्ट्री, गांव निंबुआ में पूरी की गई। नष्ट की गई सामग्री में 2.769 किलोग्राम



हेरोइन, बड़ी मात्रा में नशीला पाउडर/चूरा, 19,790 नशीली गोलियां, 1104 कैप्सूल, 1.270 किलोग्राम चरस, 550 ग्राम कोकीन, 530 ग्राम आइस (मेथामफेटामाइन) और 57.740 किलोग्राम गांजा शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई अदालत के आदेशों और निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई, ताकि जब्त नशीले पदार्थ दोबारा गलत हाथों में न जा सकें। इस मौके पर जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्य, संबंधित थानों के अधिकारी और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि समाज से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे, जिससे इलाके में नशा मुक्त माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार सड़क पर पलटी, सुरक्षा में लगे एयरबैग्स खुले, हुआ बचाव

लुधियाना/यूटर्न/5 अप्रैल। रविवार तड़के करीब ढाई बजे बीआरएस नगर फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार टोयोटा फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और सुरक्षा के लिए लगे एयरबैग्स तक खुल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फॉर्च्यूनर की रफ्तार काफी अधिक थी। हादसे के बाद गाड़ी सड़क पर पूरी तरह उल्टी नजर आई। गनीमत यह रही कि गाड़ी में सवार इकलौता व्यक्ति सुरक्षित बताया जा रहा है हालांकि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मौके पर



पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि इस फॉर्च्यूनर पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस को शिकायत मिली थी कि इसी गाड़ी ने बीआरएस नगर हादसे से कुछ देर पहले पीएयू गेट के पास भी एक अन्य वाहन को टक्कर मारी थी और वहां से फरार हो गई थी। पुलिस को अंदेशा है कि यह वही संदिग्ध गाड़ी है। फिलहाल गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं है इसलिए हर पहलू से जांच की जा रही है कि गाड़ी किसकी है और चालक कौन था।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये निकाले

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अप्रैल। डेराबस्सी-बरवाला रोड स्थित एक एटीएम बूथ में ठगों द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। यह पूरी वारदात एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राजबीर सिंह पुत्र हीरू सिंह निवासी गांव मुबारकपुर, डेराबस्सी ने बताया कि वह शाम करीब 4 बजे पैसे निकालने के लिए बरवाला रोड पर स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम बूथ पर गया था। इसी दौरान वहां मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने उससे बातचीत शुरू की और मदद करने का झांसा दिया। पीड़ित के अनुसार, दोनों ठगों ने बड़ी चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया, जिसका उसे उस समय पता नहीं चला। जब वह एटीएम बूथ से बाहर निकला तो कुछ ही देर बाद उसके मोबाइल पर 20 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। इसके तुरंत बाद एक और 20 हजार रुपये की निकासी का संदेश मिला। इस तरह ठगों ने उसके खाते से कुल 40 हजार रुपये निकाल लिए। घटना का पता चलते ही पीड़ित के होश उड़ गए और उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध व्यक्तियों की तस्वीरें कैद हो गई हैं, जिनके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पीड़ित ने बताया कि वह मिठाई के डिब्बे बनाने का काम करता है और सामान खरीदने के लिए पैसे निकालने गया था, लेकिन ठगों ने उसे अपना शिकार बना लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि एटीएम बूथ पर किसी अनजान व्यक्ति से मदद न लें और अपने कार्ड व पिन की जानकारी गोपनीय रखें।



# पेयजल हो रहा बर्बाद, नगर निगम सो रहा कुम्भकर्णी नींद : खन्ना

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने स्थानीय गौतम नगर में ट्यूबवेल नंबर 60 से लगातार लीक हो रहे पेयजल के मामले पर पंजाब सरकार को घेरते हुए कहा की पंजाब सरकार तथा इसके विभाग जनहितों को भूलकर कुम्भकर्णी नींद सो रहे हैं। खन्ना ने बताया की जब वे सुबह सैर करने निकले तो उन्होंने पाया की गौतम नगर स्थित सरकारी ट्यूबवेल नंबर 60 में पेयजल निरंतर लीक हो रहा था। खन्ना ने इसकी वीडियोग्राफी करने के बाद जब आस पास के निवासियों से बात की तो उन्होंने बताया की ये लीकेज पिछले डेढ़ दो साल से हो रही है और उन्होंने पहले भी इस सम्बन्ध में कई बार लिखती और जुबानी तौर पर नगर निगम को लीकेज ठीक करने को कहा परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ। खन्ना ने बताया की वे पिछले करीब 15 साल से जल संरक्षण विषय पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा की वे निरंतर जनता को जल संरक्षण के लिए जागरूक करते हैं और जनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है परन्तु अगर सरकारी विभाग ही इस तरह भारी मात्रा में पानी व्यर्थ करते रहेंगे तो जनता के जल संरक्षण की तरफ किये गए प्रयास छननी में दूध जमा करने के सामान होगा। खन्ना ने नगर निगम से अपील की की जल्द इस लीकेज को ठीक करवाकर पेयजल व्यर्थ होने से रोका जाये।



# चंडीगढ़ ग्रेनेड अटैक केस: मास्टरमाइंड का खुलासा, विदेश से संचालित नेटवर्क पर शिकंजा



चंडीगढ़/यूटर्न/05 अप्रैल। सेक्टर-37 स्थित भाजपा कार्यालय पर 1 अप्रैल को हुए ग्रेनेड हमले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों ने इस हमले को अंजाम देने वाले नेटवर्क की परतें खोलते हुए विदेशी कनेक्शन का पदाफाश किया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरी साजिश को विदेश में बैठे हैंडलर संचालित कर रहे थे, जिनके तार पुर्तगाल और जर्मनी से जुड़े हैं और कथित तौर पर आईएसआई से लिंक सामने आए हैं।

## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट...

जांच एजेंसियों का मानना है कि यह हमला केवल एक घटना नहीं, बल्कि देश में अस्थिरता फैलाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस की टीमें पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लगातार छापेमारी और जांच में जुटी हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि विदेशी फंडिंग और स्थानीय सहयोग के कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## विस्फोटक सामग्री की सप्लाई का खुलासा

जांच में यह भी सामने आया है कि विस्फोटक सामग्री विदेश से भारत लाई गई थी। पुर्तगाल से आए एक व्यक्ति के माध्यम से यह सामग्री पंजाब में पहुंचाई गई और फिर स्थानीय नेटवर्क के जरिए चंडीगढ़ तक सप्लाई की गई। इस नेटवर्क में शामिल कुछ लोग यूरोप में रह चुके हैं और उन्होंने अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर इस साजिश को अंजाम तक पहुंचाया।

**पहले ही कई गिरफ्तारियां...** पुलिस इस मामले में पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो हमले के लिए हथियार और अन्य जरूरी संसाधन जुटाने में शामिल थे। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके विदेश कनेक्शन की गहराई से जांच की जा रही है।

## विदेश से संचालित हो रहा था मॉड्यूल

जांच में सामने आया है कि इस हमले के पीछे एक संगठित मॉड्यूल काम कर रहा था, जो 2022 से पंजाब-चंडीगढ़ क्षेत्र में सक्रिय है। यह नेटवर्क स्थानीय युवकों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें लॉजिस्टिक सपोर्ट और ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल कर रहा था। सूत्रों के अनुसार, विदेश में बैठे हैंडलर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से युवाओं को संपर्क करते थे और उन्हें पैसों व अन्य लालच देकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल करते थे।

# डेराबस्सी की मंडियों में गेहूं खरीद शुरू, विधायक रंधावा ने किया शुभारंभ





डेराबस्सी/यूटर्न/05 अप्रैल। हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी हलके की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ करवाया। इस दौरान उन्होंने धनौनी, अमलाला, लालडू, जड़ौत, तसिंबली और समगोली की मंडियों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से सीधा संवाद भी किया। विधायक रंधावा ने मंडियों में गेहूं लेकर पहुंचे किसानों को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया और उनका मुंह मीठा करवाते हुए खरीद प्रक्रिया की शुरूआत की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

धनौनी मंडी में किसान मेजर सिंह (गांव परागपुर) की फसल एम.एम. ट्रेडर्स के माध्यम से तथा किसान राजबीर सिंह की फसल जगन्नाथ पवन कुमार (जे.एन.पी.के.) के जरिए खरीदी गई। इसी तरह अमलाला मंडी में सरबजीत सिंह की फसल एन.एन. एंटरप्राइजेज, लालडू में नविंदर कुमार की फसल जूमा राम भगवान दास, जड़ौत में गुरलाल सिंह की फसल करण एंटरप्राइजेज, तसिंबली में बलजीत सिंह की फसल रघुनाथ दास सोहन लाल और समगोली में जय सिंह की फसल मंगला ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से खरीदी गई। इस अवसर पर विधायक ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए गांव अंताला की सुमन रानी, जिनके पति की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी, तथा गांव भूखड़ी की रजनी देवी, जिनके पति की खेत में करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर एसडीएम डेराबस्सी, मार्केट कमेटी के चेयरमैन, मंडी सचिव, किसान विंग के पदाधिकारी, नगर काउंसिल प्रतिनिधि, पंच-सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य और आढ़तीगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लोहगढ़ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पत्नी के मायके जाने के दौरान हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। जीरकपुर के लोहगढ़ एरिया में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई है, जिसका शव उसके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के समय मृतक की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। बताया जा रहा है कि घर में वह अकेला था। घटना के पीछे के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

# जीरकपुर में आप को बड़ा बल, कई परिवार भाजपा छोड़ पार्टी में शामिल



जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। जीरकपुर के वार्ड नंबर 17 स्थित एरो होम्स सोसाइटी, गाजीपुर में रविवार को आम आदमी पार्टी को उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला, जब विशाल शर्मा समेत सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने भाजपा छोड़कर आप का दामन थाम लिया। यह शामिली कार्यक्रम हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की अगुवाई में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर मोनिका शर्मा (नारी शक्ति संस्थापिका), सुरिंदर पाहवा, शशि पाहवा (महिला मंडल प्रधान), यशपाल, गोपाल कृष्ण, राहुल, दीपेश, विकास, जतिन, प्रदीप सिंगला (एरो होम्स), अंकिता, दीप्ति गुप्ता, सोनिया सचदेवा, उपासना, बलजीत (ग्रीन होम्स), अशोक गुप्ता (एरो होम्स), राम कुमार (विश्रांति सिटी), राज कुमार, सनी (जॉयनैस्ट सुषमा), अंकुर और नरेंद्र सिंह (कृष्णा एन्क्लेव) सहित कई अन्य परिवार भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। नए साथियों का स्वागत करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सोच और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास कार्यों के चलते लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया के मार्गदर्शन में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। नए शामिल हुए लोगों ने कहा कि वे आम आदमी पार्टी की जनहितकारी नीतियों, पारदर्शी शासन और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और भविष्य में पार्टी को और मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर काउंसलर, पार्टी के ब्लॉक प्रधान, वार्ड टीम के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# गाजीपुर अंडरब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आई अज्ञात महिला, दर्दनाक मौत



जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। गांव गाजीपुर (ढकोली) स्थित अंडरब्रिज के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में करीब 25 से 30 वर्ष की अज्ञात महिला की मौत हो गई। घटना रात करीब 1:40 बजे की बताई जा रही है। हादसा इतना भयावह था कि महिला का चेहरा पूरी तरह कुचल गया, जिससे उसकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका के पास से सैमसंग कंपनी का एक टूटी स्क्रीन वाला मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जांच के दौरान मोबाइल में दो सिम कार्ड (नंबर 82838-73084 और 84272-61216) चालू हालत में पाए गए। पुलिस के अनुसार, कंपनी रिकॉर्ड में एक सिम नंबर 82838-73084 भोली पुत्री शाम सुंदर निवासी गली रांझे वाली, अमृतसर के नाम पर दर्ज है, जबकि दूसरे नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतका के शरीर पर कोई विशेष पहचान चिन्ह नहीं मिला है। उसका रंग गोरा, कद करीब 5 फीट 4 से 5 इंच, बाल काले और छोटे बताए गए हैं। चेहरे की पहचान चपटे कानों और अपेक्षाकृत लंबे चेहरे के आधार पर की जा सकती है। फिलहाल शव को पहचान के लिए सिविल अस्पताल डेराबस्सी की मोर्चरी में रखवाया गया है। जीआरपी लालरू के जांच अधिकारी एएसआई मनोहर लाल मामले की जांच कर रहे हैं।

# बैसाखी जत्थे के शेड्यूल में बदलाव, 10 अप्रैल को अमृतसर से पाकिस्तान रवाना होंगे श्रद्धालु, 1800 को वीजे की उम्मीद

अमृतसर/यूटर्न/5 अप्रैल। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने बैसाखी (खालसा साजना दिवस) के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए जाने वाले जत्थे के कार्यक्रम में बदलाव किया है। एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नण ने बताया कि अब श्रद्धालु 10 अप्रैल को पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे और 19 अप्रैल को वापस लौटेंगे। बता दें कि, पहले यह जत्था 12 अप्रैल को रवाना होकर 21 अप्रैल को लौटने वाला था। इस यात्रा के लिए एसजीपीसी द्वारा 1860 पासपोर्ट भेजे गए हैं। लगभग 1800 श्रद्धालुओं को वीजा मिलने की उम्मीद है। 1947 के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में रह गए गुरुद्वारों के दर्शन को लेकर संगत में भारी उत्साह देखा जा रहा है।




**हर श्रद्धालु को गुरुद्वारों के दर्शन करने की पूरी स्वतंत्रता**

इसी बीच, एसजीपीसी ने अकेली महिलाओं के यात्रा पर जाने को लेकर फैली अफवाहों को खारिज किया है। मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नण ने स्पष्ट किया कि कमेटी की ओर से ऐसी कोई पाबंदी नहीं लगाई गई है। हर श्रद्धालु को गुरुद्वारों के दर्शन करने की पूरी स्वतंत्रता है। हालांकि, उन्होंने सुरक्षा और सहूलियत के मद्देनजर सलाह दी कि महिलाएं यदि किसी पारिवारिक सदस्य (जैसे भाई, बेटा या अन्य महिला साथी) के साथ यात्रा करें तो उनका सफर अधिक सुरक्षित और आसान हो सकता है।

**जत्थे के साथ यात्रा करने का अपना अलग**

मन्नण ने यह भी कहा कि जत्थे के साथ यात्रा करने का अपना अलग अनुभव और संतोष होता है, जहां जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे की मदद भी की जा सकती है। एसजीपीसी का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है।

# अमृतसर में एएसआई पर युवक को पीटने का आरोप, थाने के बाहर हंगामा, परिवार बोला- रिश्वत मांगी

अमृतसर/यूटर्न/5 अप्रैल। अमृतसर के मकबूलपुरा थाने के बाहर शनिवार रात एक परिवार ने पुलिस पर मारपीट और रिश्वत की मांग करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। परिवार ने कहा कि उनके बेटे को कोर्ट में पेश करने के बाद भी थाने में वापस लाकर पीटा गया।



पीड़िता मां हरपिंदर कौर ने आरोप लगाया कि अरकबलदेव सिंह ने शराब के नशे में उनके बेटे को बेरहमी से पीटा और पैसे की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो और भी ज्यादा मारपीट की जाएगी। मां ने बताया कि मैं जब कपड़े देने थाने आई तो उन्होंने देखा कि बेटे को बाहर खड़ा कर बेरहमी से पीटा जा रहा था। बेटे के हाथ-पैर सूज गए थे और वह घायल हालत में था। रिश्तेदार नवनीत कौर ने भी पुलिस पर आरोप लगाया कि उसे शराब पीकर पीटा गया, जबकि कोर्ट ने पहले ही उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया था। उनका कहना था कि पुलिस कर्मियों ने गालियां दीं, धक्का-मुक्की की और खुलेआम रिश्वत मांगी। परिवार ने मांग की है कि आरोपी पुलिसकर्मी को तुरंत सस्पेंड किया जाए और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले में थाना मकबूलपुरा के इंस्पेक्टर जगजीत सिंह का कहना है कि जो लोग अरकपर आरोप लगा रहे हैं, वो पूरी तरह से झूठे हैं।

**MLA जीवन जोत कौर ने मामले का नोटिस लिया**

वहीं, MLA जीवन जोत कौर ने मामले का नोटिस लिया और अपने प्रतिनिधि को मौके पर भेजा। उनके पीए ने कहा कि अगर जांच में मारपीट या अन्य अत्याचार साबित होता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पीड़ितों का मेडिकल कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

# 4.13 किलो हेरोइन सहित 2 तस्कर गिरफ्तार, यूरोप के ड्रग्स हैंडलर्स से जुड़े तार

अमृतसर/यूटर्न/5 अप्रैल। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग स्मगलिंग माड्यूल को ध्वस्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 4.13 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस के प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों का सीधा संपर्क यूरोप स्थित हैंडलर्स और जेल में बंद अपराधियों से था। ये नेटवर्क पंजाब के माझा और दोआबा क्षेत्रों में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था। अभी आरोपितों की पहचान नहीं बताई गई है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपी पहले भी एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक




गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उनके खिलाफ कई केस दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर थाना सुलतानविंड, अमृतसर में दर्ज कर ली है। आगे की जांच जारी है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके और अन्य शामिल सदस्यों को भी पकड़ने में सफलता मिल सके। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य पुलिस ड्रग्स के खिलाफ लगातार कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस प्रतिबद्ध है कि राज्य को ड्रग मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए किसी भी स्तर पर कार्रवाई जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क्स को पकड़ने और उन्हें जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस लगातार नई तकनीकों और खुफिया सूचनाओं का इस्तेमाल कर रही है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को दें।

## डेराबस्सी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित, महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता पर जोर

डेराबस्सी/यूटर्न/05 अप्रैल। महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे ब्रैस्ट कैंसर के खतरे को देखते हुए 'स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार' अभियान के तहत एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप लोकहित सेवा समिति द्वारा समाजसेवी पार्षद टोनी राणा, सोहाना मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल मोहाली और वेलकेयर पाथ लैब प्रा. लिमिटेड ढकोली के सहयोग से सूर्या महल पैलेस बैंक्वेट, मुबारकपुर (डेराबस्सी) में लगाया गया। कैंप का उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर की समय रहते पहचान को बढ़ावा देना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान महंगे माने जाने वाले मेमोग्राफी टेस्ट को निःशुल्क करने की सुविधा दी गई। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड तथा टोटल बिलिरूबीन (पीलिया) सहित कई जरूरी जांचें भी मुफ्त में की गई और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। समिति की प्रवक्ता मीनाक्षी बंसल ने बताया कि कैंप का उद्घाटन समाजसेवी एडवोकेट मुकेश गांधी ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अश्वनी जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पार्षद मानविंदर सिंह टोनी राणा और संघ नगर संपर्क प्रमुख बलवीर राजपूत विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मेमोग्राफी टेस्ट के लिए 35 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते केवल 15 महिलाओं का ही टेस्ट हो सका। इसके बावजूद 80 से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने कैंप में भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य जांच करवाई। कैंप को सफल बनाने में अंजू अग्रवाल, रजनी कपूर, वासुमति शर्मा, वीना भार्गव, रजनी राठौड़, कुसुम शर्मा, मीनाक्षी बंसल, रजनीश कौर, सतीश भारद्वाज, बलवीर राजपूत, टोनी राणा, जे.आर. शर्मा, शीशपाल राणा, मुकेश गांधी, राकेश भार्गव, विनायक शर्मा, अश्वनी जैन और संजीव अग्रवाल सहित कई समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



Tripti Dimri



# हॉर्मुज को खोलो, कमीनों: ट्रंप ने ट्रंप के अंदाज में दी गालियां

चंडीगढ़/यूटर्न/5 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकाने के लिए अपना सबसे खास ट्रंप-अंदाज चुना है। उन्होंने खुले तौर पर तेहरान के पावर प्लांट और पुलों पर एक साथ हमले करने की चेतावनी दी है। हालांकि, उनकी भाषा ने भी उतनी ही सुर्खियां बटोरीं जितनी कि उनकी धमकी ने; अमेरिकी राष्ट्रपति ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग करते हुए ईरान को खुलेआम गालियां दीं। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने चेतावनी दी कि मंगलवार को ईरान के पावर प्लांट और पुलों पर बड़े पैमाने पर हमले हो सकते हैं, और उन्होंने इसे इस संघर्ष का एक निर्णायक मोड़ बताया। हाल के हफ्तों में हॉर्मुज जलडमरूमध्य एक तनाव का केंद्र बन गया है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारों में से एक है, जिसे प्रभावी रूप से रोक दिया गया है, और इस संकरे रास्ते से होने वाली आवाजाही बुरी तरह से बाधित हो गई है। मंगलवार ईरान में 'पावर प्लांट डे' और 'ब्रिज डे' होगा, ये दोनों एक ही दिन में होंगे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा, उन्होंने लिखा।






## संकेत के पीछे हटने का संकेत नहीं

ट्रंप का यह गुस्सा ऐसे समय में सामने आया है जब ईरान ने पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है। तेहरान ने रविवार को खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे पर नए हमले किए; ट्रंप द्वारा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ईरान को दी गई 48 घंटे की समय सीमा के बावजूद, ईरान ने कुवैत, यूएई और बहरीन में स्थित ठिकानों को निशाना बनाया। इस समूह ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान के अंदर आम नागरिकों को निशाना बनाने वाले हमले जारी रहे, तो इस क्षेत्र में अमेरिकी आर्थिक हितों पर होने वाले हमले और भी तेज हो जाएंगे।

## अमेरिका के एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान को गिराया

ईरान ने कहा कि शुक्रवार को उसके हवाई सुरक्षा तंत्र ने अमेरिका के एक एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराया। ईरान के अनुसार, पांच हफ्ते पहले यह संघर्ष शुरू होने के बाद से इस तरह की यह पहली घटना थी। इसके बाद समय के साथ एक तनावपूर्ण दौड़ शुरू हो गई। अमेरिकी सेना ने विमान के क्रू सदस्यों का पता लगाने और उन्हें वहां से सुरक्षित निकालने के लिए तेजी से कदम उठाए, जबकि ईरानी सैनिकों ने भी उनकी तलाश शुरू कर दी, इस उम्मीद में कि वे उन्हें पकड़कर अपनी स्थिति मजबूत कर सकेंगे। एक पायलट को तो जल्दी ही बचा लिया गया, लेकिन दूसरे क्रू सदस्य जो एक वेपन सिस्टम ऑफिसर थे, को खोजने के प्रयास, बेहद जोखिम भरे हालात के बीच भी जारी रहे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति का अनोखा दावा

अपनी इस तीखी पोस्ट से कुछ ही मिनट पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के काफी अंदर घुसकर एक घायल ऋ 15 क्रू सदस्य को बचाने के लिए एक दुर्लभ और बेहद जोखिम भरा बचाव अभियान चलाया। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सैनिक बड़ी संख्या में उस इलाके में सक्रिय रूप से तलाशी ले रहे थे और इस बचाव अभियान के दौरान वे अमेरिकी सैनिकों के काफी करीब पहुंच गए थे। उन्होंने इस अभियान को बेहद खतरनाक बताया और कहा कि अमेरिकी सेना ने पकड़े जाने से बचते हुए, कई घंटों तक ईरानी सीमा के अंदर रहकर अपना काम किया। उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि इस घटना में वायुसेना का वह अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# मोरनी में दर्दनाक हादसा: चंडीगढ़ के २० वर्षीय युवक की डूबने से मौत



कुलदीप सैनी

पंचकूला/यूटर्न/05 अप्रैल। मोरनी क्षेत्र में घूमने आए चंडीगढ़ के 20 वर्षीय युवक अभिषेक की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के करीब 8 युवक रविवार को मोरनी में घूमने और नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान अभिषेक नदी में उतर गया और अचानक गहरे पानी में जाने से डूब गया। बताया जा रहा है कि उसके साथ मौजूद अन्य युवक भी तैरना नहीं जानते थे, जिसके चलते वे समय रहते उसे बचा नहीं सके। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को बाहर निकाला गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल सेक्टर-6 ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, साथियों ने अभिषेक को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग बड़ी संख्या में नदी-नालों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

# स्कूल के बाहर कार का ऐंटीना उतारने पर विवाद, मामला थाने पहुंचा

## पार्किंग को लेकर बवाल: प्रिंसिपल पर कार से छेड़छाड़ का आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/05 अप्रैल। पीरमुछल्ला स्थित हिलव्यू ज्वांइट स्ट्रीट में एक निजी स्कूल के बाहर खड़ी कार का ऐंटीना उतारने को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जो अब थाने तक पहुंच गया है। सोसाइटी निवासियों ने स्कूल की प्रिंसिपल पर कार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाइंटी डिग्री मोड़ पर स्थित स्टार मोंटेसरी स्कूल के बाहर खड़ी कार का ऐंटीना स्कूल की प्रिंसिपल सुमनदीप द्वारा उतार लिया गया। यह पूरी घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें प्रिंसिपल कार के आसपास घूमती और ऐंटीना खोलती नजर आ रही हैं। आरोप है कि इस दौरान एक हेल्पर भी उनके साथ मौजूद थी। इस मामले में रेखा, सोनाली, सुलेखा, मनोज, सुखविंदर कौर, अनीता, मीनाक्षी, रामधारी, अनिल कुमार, रोहित और कार मालिक अजय तिवारी सहित कई लोगों ने ढकोली थाने में शिकायत दी है। लोगों ने प्रिंसिपल के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले छह महीनों से उसी स्थान पर गाड़ी पार्क की जा रही थी, ऐसे में अचानक इस तरह की कार्रवाई करना गलत है।



## कैसे खुला मामला

कार मालिक अजय तिवारी ने बताया कि वह ज्वॉइंट स्ट्रीट में किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने अपनी कार को स्कूल गेट से हटकर दीवार के पास इस तरह खड़ा किया था कि रास्ता बाधित न हो। उन्हें गाड़ी हटाने के लिए किसी ने कोई सूचना भी नहीं दी। बाद में जब वह कार की सर्विस कराने गए तो पता चला कि ऐंटीना गायब है। इसके बाद मकान मालिक के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज देखी गई, जिसमें पूरी घटना सामने आ गई। इससे सोसाइटी के लोगों में नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

## प्रिंसिपल का पक्ष

प्रिंसिपल सुमनदीप का कहना है कि कार बिना अनुमति के स्कूल के सामने खड़ी की गई थी और उन्हें यह भी पता नहीं था कि कार किसकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार मालिक किराएदार है और उसे सोसाइटी के लोग भड़का रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्होंने ढकोली थाना एसएचओ के सामने ऐंटीना वापस कर दिया है।

## पुलिस का कहना है कि

शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिटायर्ड फौजी ने बच्ची को सीढ़ियों की रेलिंग से बांधा, थप्पड़ जड़े, मासूम चिल्लाई- अंकल बचालो

पंजाब/यूटर्न/5 अप्रैल। हिमाचल प्रदेश के ऊना में रिटायर्ड फौजी ने अमरूद तोड़ने पर 6 साल की बच्ची को सीढ़ियों की रेलिंग से बांध दिया। इसके बाद उसने बच्चे की जमकर पीटा। बच्ची चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन उसने छोड़ा नहीं। इसके बीच मर्चेंट नेवी के कैप्टन को बच्ची के चिल्लाने की आवाज आई, तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने बच्ची का छुड़वाया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बच्ची रेलिंग से बांधी है और अंकल बचा लो, अंकल बचा लो कहकर मदद मांगती दिख रही है। घटना 5 अप्रैल ऊना के बहडाला की है। बच्ची ने रिटायर्ड फौजी के घर पर अमरूद का पेड़ है और उसकी साखाएं घर से बाहर की ओर निकली हुई थी। बच्ची अमरूद लगे देखकर वहां खाने पहुंची और अमरूद तोड़ने लगी। इसी दौरान रिटायर्ड फौजी ने उसे अमरूद तोड़ते देख लिया और पकड़ लिया। इसके बाद उसने बच्ची के हाथ-पांव सीढ़ियों की रेलिंग से बांध दिए। इस दौरान बच्ची लगातार ₹अंकल बचा लो, अंकल बचा लो₹ कहकर मदद मांगती रही।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372